SC

No.of Printed Pages : 2

(A3)

SARDAR PATEL UNIVERSITY
F.Y.B.A (EXTERNAL) EXAMINATION
5TH MARCH 2015
10:30 a.m. to 01:30 p.m.

Subject : Hindi, Paper - 2 (HIN102)

Paper Title: (Kavya) Literature

Total Marks : 100

प्रश्न-१ सप्रसंग व्याख्या कीजिए **(१४)**

(अ) पडी रह तू मेरी भव-भुक्ति!
मुक्ति हेतु जाता हूँ यह मै, मुक्ति, मुक्ति, बस मुक्ति!
मेरा मानस-हंस सुनेगा और कौन-सी युक्ति?
मुक्ताफल निर्दन्द्व चुनेगा, चुन ले कोई शुक्ति।

अथवा

स्वयं सुसज्जित करके क्षण में,
प्रियतम को, प्राणों के पण में,
हमीं भेज देती हैं रण में,
क्षात्र-धर्म के नाते।

(ख) अबला-जीवन, हाय! तुम्हारी यही कहानी
आँचल में है दूध और आँखों में पानी!

अथवा

सिद्धि-हेतु स्वामी गये, यह गौरव की बात,
पर चोरी-चोरी गये, यही बड़ा व्याघात।

प्रश्न-२ सप्रसंग व्याख्या कीजिए **(१४)**

(क) सखि, पतंग भी जलता है हा! दीपक भी जलता है!
सीस हिलाकर दिपक कहता, "बंधु! वृथा ही तू क्यों दहता?"
पर पतंग पड़कर ही रहता! कितनी विहलता है!

अथवा

पेट-पीठ दोनों मिलकर हैं एक, चल रहा लकुटिया टेक
मुठ्ठी भर दाने को-भूख-मिटाने को, मुँह फटी पुरानी झोली को फैलाता
दो टूक कलेजे को करता पछताता पथ पर आता।

(ख) स्नेह भरा जलता है झिलमिल मेरा यह दीपक-मन रे!
मेरे दृग के तारक में नव उत्पल का उन्मीलन रे!
धूप बने उड़ते जाते हैं प्रतिपल मेरे स्पन्दन रे!
प्रिय प्रिय जपते अधर ताल देता पलकों का नर्तन रे!

अथवा

मगर मत भूलो कि कवि
व्यवहारिकता की बटि हुई रस्सी से झूलती हुई
संवेदना की खुदखुशी है।

प्रश्न-३ 'यशोधरा' खंडकाव्य के आधार पर 'यशोधरा' का चरित्र-चित्रण कीजिए। **(१८)**

अथवा

प्रश्न-३ प्रकृति-चित्रण की दृष्टि से 'यशोधरा' खंडकाव्य की समीक्षा कीजिए।

प्रश्न-४ 'जो बीत गई' कविता में व्यक्त कवि का जीवन-दर्शन स्पष्ट कीजिए। **(१८)**

अथवा

प्रश्न-४ 'ले चल वहाँ भुलावा देकर' कविता में पलायनवादी स्वर व्यक्त हुआ है - स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न-५ लघुतरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए **(१८)**

(क) 'यशोधरा' का विरह-वर्णन।

अथवा

'यशोधरा' खंडकाव्य के शीर्षक की सार्थकता।

(ख) 'दुःख नहीं कोई' कविता का भाव-सौदर्य।

अथवा

'गीत फरोश' कविता की लोक सम्पृक्ति।

प्रश्न-६ अति लघुत्तरी प्रश्नों के उतर दीजिए। (किन्हीं अठ्ठारह) **(१८)**

१ 'काव्य कलश' के संयोजक का नाम लिखिए।

२ 'महावीर प्रसाद द्विवेदी' के मुख्य शिष्य के रूप में किसे माना जाता है?

३ छायावाद के चार कवियों के नाम बताईए।

४ छायावाद का आदि कवि किसे कहते हैं?

५ हिन्दी में मुक्त छन्द के प्रवर्तक कौन है?

६ 'आधुनिक युग की मीरा' उपनाम किसे दिया गया है?

७ हिन्दी साहित्य में 'हालावाद' के प्रवर्तक कौन है?

८ 'अज्ञेय' किस कवि का उपनाम है?

९ 'धूमिल' का मूल नाम लिखिए।

१० दुष्यंतकुमार के किसी दो काव्य-संग्रहों के नाम लिखिए।

११ गुप्तजी किस युग के कवि है?

१२ गुप्तजी की किसी भी दो काव्य-कृतियों के नाम लिखिए।

१३ सिद्धार्थ की पत्नी का नाम लिखिए।

१४ सिद्धार्थ के सेवक का नाम लिखिए।

१५ सिद्धार्थ के अश्व का नाम लिखिए।

१६ बुद्ध ने किस चीज का विरोध किया था?

१७ सिद्धार्थ ने किस नदी के किनारे तपस्या की थी?

१८ पंचभद्रवर्गीय किसे कहते हैं?

१९ 'महाभिनिष्क्रमण' का क्या अर्थ है?

२० सिद्धार्थ के तीन प्रचलित नाम लिखिए।

☺ ☺ ☺ **Best of Luck** ☺ ☺ ☺